## सार-समाचार

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की और राजीव गांधी स्मृति भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। विधायक डॉ विकास चौधरी ने कहा की स्व. इंदिरा गांधी ने देशहितार्थ ऐतिहासिक निर्णय लिये, जिसके चलते देश आत्मनिर्भर बनने के साथ सशक्त भारत का दृष्टिकोण आज भी मार्गदर्शन देता है। इसके अलावा एसआईआर पर कांग्रेस की कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में विधायक डॉ. विकास चौधरी व विधानसभा प्रभारी सी एम भदाला उपस्थिति रहे। भदाला ने पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश, फॉर्म भरने की प्रक्रिया व मतदाता सूची में सुधार के बिंदुओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। विधायक चौधरी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बीएलओ का सहयोग करें, ऑनलाइन फॉर्म भरवाने सहित महत्वपूर्ण अभियान को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल ने कहा कि देश में चल रहे एस आई आर कार्यक्रम के दौरान पार्टी के बी एल ए कार्यकर्ता अपने बूथ पर विशेष ध्यान कर सभी की एस आई आर पूर्ण करवाने में आम जन का पूर्ण सहयोग करें।

### डॉक्टर ने सीखा परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरना

**अजमेर, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर लोक बंधु द्वारा गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाता सूची शुद्धिकरण हेतु जागरूकता अभियान संचालन में विभिन्न नवाचार आयोजित किया जा रहे हैं। इस क्रम में जिला स्वीप समन्वयक रामविलास जांगिड़ ने एसआईआर के गणना प्रपत्र को ऑनलाइन भरने की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि उक्त प्रपत्र को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से स्वयं मतदाता भी भर सकता है। मौके पर ही उपस्थित संभागियों ने ईएफ को ऑनलाइन करने का कार्य किया। प्रशिक्षण में जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया, डॉ. सुनील कुमार माथुर, डॉ. श्याम भूतड़ा, डॉ. गरिमा बाफना, डॉ. दीपा थदानी, डॉ. हमेश्वर, डॉ. अरविंद खरे, डॉ. अंकित कुमावत सहित 390 प्रशिक्षणार्थी डॉक्टर्स को ईएफ ऑनलाइन करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। रिटायर्ड आरएएस अधिकारी सुरेश सिन्धी ने प्रशिक्षण में भागीदारी देते हुए बताया कि मतदाता को उनके मोबाइल के माध्यम से 2002 की मतदाता सूची में मतदाता के नाम को खोजना, एसआईआर फॉर्म को ऑनलाइन करना, भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न ऐप्लिकेशंस को उपयोग में लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे आवश्यक है। स्वीप सदस्य मधु माहेश्वरी, महेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही गणना प्रपत्र की हार्ड कॉपी पर नवीनतम रंगीन फोटो के वर्ष 2002 की मतदाता सूची के आधार पर एवं उक्त वर्ष में स्वयं के अथवा माता-पिता या दादा-दादी की वोटर आई डी के नम्बर, आधार कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर आदि के माध्यम से भी दी जा सकती है।

### प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**ब्यावर (निसं)।** श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय की छात्राओं ने व्याख्याता मोनिका सोनी एवं लवीना ज्ञानचंदानी के निर्देशन में सेन्ट्रल अकेडमी टी.टी.कॉलेज, अजमेर द्वारा आयोजित श्री टी. एन. मिश्रा मेमोरियल अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद, पीपीटी प्रस्तुतीकरण एवं श्री डी. सी. शास्त्री पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें मनहर कौर सलूजा ने आत्मविश्वास, उत्कृष्ट अभिव्यक्ति, सशक्त तर्क और प्रभावशाली सम्प्रेषण कौशल का प्रदर्शन करते हुए पीपीटी प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित कर महाविद्यालय का गौरव बढाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर सी लोढा ने छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्राओं में सृजनशीलता एवं आत्मविश्वास विकसित होता है।

### बाल अधिकार दिवस पर विभिन्न गतिविधि प्रस्तुतियां प्रदान की गई

**ब्यावर(निसं)।** शिक्षा विभाग राजस्थान के निर्देश के अनुरूप आज 20 नवंबर को बाल अधिकार दिवस पर सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में प्राथमिक विभाग में विभिन्न गतिविधि प्रस्तुतियां प्रदान की गई। प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल ने बताया कि विद्यालय के प्राथमिक विभाग में कक्षा 1 से 5 की बालक बालिकाओं ने अपने बाल अधिकार जिसमें शिक्षा का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, समता का अधिकार, सहभागिता का अधिकार पर सुंदर प्रस्तुतियां प्रदान की तथा स्टाफ कमला जीनगर,शशि गर्ग सहित सभी बच्चों को अपने पापा मम्मी दादी दादी नाना नानी के माध्यम से अधिक से अधिक कहानी सुनने सुनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

# शहर की विकास योजनाओं को लगे पंख, कई कामों की प्रक्रिया हुई तेज

- माकड़वाली फल व सब्जी मंडी शुरूआत की कार्यवाही होगी तेज
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अजमेर, ( कासं )।** अजमेर शहर की विकास योजनाओं को आकार देने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लगातार दूसरे दिन विभिन्न योजनाओं के लिए मॉनिटरिंग बैठक की। इसमें एडीए, नगर निगम एवं अन्य विभागों की कई योजनाओं पर प्रक्रिया को गति देने की सहमति बनी। वहीं एडीए की विभिन्न योजनाओं की भी गति तेज हो गई। माकड़वाली चौराहा स्थित फल सब्जी मंडी को शुरू करने के लिए जल्द ही उच्च स्तर पर प्रयास होंगे। साथ ही खेल स्टेडियम निर्माण के टेंडर तथा कन्वेंशन सेंटर की डीपीआर के लिए आदेश जारी कर दिए गए है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सर्किट हाऊस में जिला कलैक्टर लोक बन्धु, अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. एवं नगर निगम आयुक्त देशल दान के साथ विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में कई योजनाओं को गति देने और उच्च स्तर पर चर्चा कर कार्यवाही करने की सहमति बनी। जल्द ही यह कार्य धरातल पर दिखाई देंगे।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि माकड़वाली रोड़ स्थित फल एवं सब्जी मंडी को शीघ्र शुरू करवाया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों एवं खुदरा विक्रेताओं को आसानी हो सके। इसके लिए शीघ्र ही उच्च स्तर पर चर्चा कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आनासागर एवं वरूण सागर में मिट्टी निकालने के लिए प्रस्ताव तैयार कर सिंचाई विभाग को भेजने के निर्देश दिए ताकि दोनों जलस्त्रोंतों को और अधिक गहरा किया जा सके।

देवनानी ने कहा कि महावीर सर्किल से आगरा गेट तक सड़क चौड़ी करने के लिए बीएसएनएल एवं डाक विभाग से समन्वय कर कार्यवाही की जाए। चामुण्डा माता मंदिर पर रोप-वे के लिए संबंधित फर्मों से चर्चा कर कार्यवाही की जाए। इसी तरह बोराज तालाब की दीवार एवं डीएमएफटी फण्ड से होने वाले कार्यों पर जल्द कार्यवाही की जाए। एलीवेटेड रोड़ के नीचे यातायात की समस्या के निस्तारण के लिए दोपहिया वाहनों की पार्किंग जल्द शुरू की जाए। इसी तरह मित्तल हॉस्पीटल से टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे तक डिवाईडर में जरूरत से ज्यादा कट रखने से एक्सीडेंट जोन बन रहा है। इसकी तार्किक समीक्षा कर निर्णय लिया जाए।

देवनानी ने कहा कि नगर निगम के कचरा संग्रहण करने वाले डंपरों से हाल ही में कई दुर्घटना की जानकारी सामने आयी है। इस स्थिति पर तत्काल कार्यवाही कर आमजन को सुरक्षा प्रदान की जाए। बैठक में वरूण सागर व चौरसियावास तालाब का सौन्दर्यीकरण, जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्य, शास्त्री नगर रोड़ का चौडाईकरण, अजमेर शहर की ड्रेनेज सुधार की डीपीआर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

## देवनारायण आवासीय विद्यालय का भूमि पूजन आज

**अजमेर ,(कासं)।** राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय दिलवाड़ी नसीराबाद के भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह शुक्रवार को सुबह 11:15 बजे आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना तथा नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा अजमेर जिले को ऐतिहासिक सौगात प्रदान की गई है। बजट घोषणा के अंतर्गत नसीराबाद के दिलवाड़ी में 45 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित देवनारायण आवासीय विद्यालय भवन का भूमि पूजन इसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण चरण है।

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/499 | आपत्ति सूचना | दिनांक-19/11/25

मैसर्स सी.जे. पैराडाईस (श्री रमेश चन्द साहू पुत्र श्री जगदीश प्रसाद व श्री सीताराम साहू पुत्र श्री जगदीश) ऑफिस सी.जे. मार्ट तेली मौहल्ला धानमंडी मदनगंज किशनगंज अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 1195/25 जो वाके रामबाग चौराहा अजय नगर रोड भगवानगंज, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 955.99 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- श्री ए.विलसन का मार्ग और खुला प्लाट बंगले का मुख्य द्वारा — पश्चिम- बंगले को प्रवेश द्वारा तथा आशागंज से बंगले तक जाने वाली सड़क इस्लाम गंज

उत्तर-श्री धानजी पटेल की खुली भूमि — दक्षिण- धानजी की खुली जमीन और रेलवे बंगलों से इस्लाम गंज तक जाने वाला रास्ता

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.वि./निमार्ण स्वी./2025/4733 | आम सूचना | दिनांक: 20-11-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्ज/आपति मान्य नहीं होगी।-

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 150 | रामकरण पुत्र सोजीराम गुर्जर | विश्वामित्र कॉलोनी विस्तार बिजयनगर ख.सं. 40 भू.सं. 04 | 133.54 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

### कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.), अजमेर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री सुनिल कुमार गहलोत पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति माली निवासी गहलोतों का कुआँ, घोलाभाटा अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी माता श्रीमती धत्री पत्नी लक्ष्मीनारायण द्वारा की गई पंजिकृत वसीयत दिनांक 29.05.1989 के आधार पर ग्राम किरानीपुरा के हाल खाता संख्या 411 व 179 में अंकित ख0न0 की भूमि में वसीयतकर्ता श्रीमती धत्री के पति लक्ष्मीनारायण पुत्र गणेशीलाल माली के हिस्से की भूमि का नामा0 पंजिकृत वसीयत दिनांक 29.05.1989 के आधार पर ही किये जाने हेतु निवेदन किया है। पटवारी हल्का किरानीपुरा की रिपोर्ट अनुसार ग्राम किरानीपुरा के वर्किंग 2204 रकबा 00-06-00 बीघा किरम चाह वो हाल ख0म0 2515 रकबा 0.05 है0 व ख0न0 2218 रकबा 01-08-00 बीघा के वर्तमान ख010 2494 रकबा 0.23 है0 बने है। खाता संख्या 411 में ख0न0 2515 के अतिरिक्त अन्य ख0न0 2493 रकथा 0.23 है0 कुल किता 02 रकबा 0.28 है0 लक्ष्मीनारायण पुत्र गणेशीलाल हिस्सा 1/3 तथा खाता संख्या 179 में ख0न0 2494 के अतिरिक्त अन्य ख0न0 2520 रकबा 0.06 कुल किता 02 रकबा 0.29 है0 लक्ष्मीनारायण पुत्र गणेशीलाल हिस्सा 1/9 के नाम दर्ज है। अतः यदि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पंजिकृत वसीयतनामा दिनांक 29.05.1989 को अन्तिम मानते हुए उसके आधार पर उक्त वसीयतनामें के अनुसार ग्राम किरानीपुरा के हाल खाता संख्या 411 व 179 में अंकित खा0न0 2515, 2403, 2494, 2520 में लक्ष्मीनारायण पुत्र गणेशीलाल के हिस्से की भूमि का नामान्तरकरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

-तहसीलदार, अजमेर

## बोर्ड कार्यालय में रक्तदान शिविर आज

**अजमेर, (कासं)।** वन्दे मातरम् 150 कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रांगण में शुक्रवार सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में समस्त सामाजिक संगठन, संस्थाएं, शिक्षक वर्ग एवं आमजन स्वैच्छिक रक्तदान में भाग ले सकते है। इस शिविर मे जो भी स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहते हैं, वे बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर रक्तदान कर सकते हैं। इसके लिए अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए सहायक निदेशक (सम्पदा) अरूण कुमार जोशी एवं सहायक निदेशक (संस्थापन) राजीव चतुर्वेदी से दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मसूदा विधानसभा क्षेत्र के चार बीएलओ राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस में सम्मानित

- मसूदा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत चार बीएलओ सम्मानित किए गए

**मसूदा,( निसं )।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मसूदा विधानसभा क्षेत्र-104 के चार बीएलओ को मतदाताओं के परिगणना प्रपत्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य को सर्वप्रथम पूर्ण करने पर गुरुवार की राज्य निर्वाचन विभाग, जयपुर द्वारा आयोजित समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के समक्ष इन सभी को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनाएँ दीं गई। इस अवसर पर जिला स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने सम्मानित बीएलओ का उत्साहवर्धन किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट ने कहा कि चारों बीएलओ द्वारा प्रदर्शित कार्यकुशलता, तकनीकी समझ, समर्पण व अनुशासन निर्वाचन कार्यों को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाता है। उन्होंने कहा कि समयबद्धता और टीम वर्क का यह उत्कृष्ट उदाहरण अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणादायक है। सम्मानित बीएलओ- गोपाल बैरवा - भाग संख्या 66मुकेश रायका - भाग संख्या 95 प्रेम सिंह - भाग संख्या 273कमला - भाग संख्या 215सम्मान प्राप्त करने वाले सभी बीएलओ ने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। स्थानीय प्रशासन, नागरिकों और तकनीकी टीम से समय-समय पर मिले सहयोग के कारण यह कार्य निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण किया जा सका।जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि शत-प्रतिशत परिगणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन पूर्ण कर मसूदा 104 विधानसभा क्षेत्र ने जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया है।

### कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/SDRC/2025/2248 | आम सूचना | दिनांक: 20-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा सं. 26,28,35,36,41 पर स्थित 'खुशी मार्बल सिटी' के आवासीय (भूखंड सं. ए300 क्षेत्रफल 245.55 वर्गगज में से विखंडित भूखंड क्षेत्रफल 57.77 वर्गगज एवं भूखंड सं. ए301 क्षेत्रफल 245.55 में से विखंडित भूखंड क्षेत्रफल 93.89 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 151.66 वर्गगज) पर श्रीमती कोमल कंवर पत्नि श्री सोहन लाल जोधा ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन, एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखंड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- 60 फीट चौड़ा रास्ता — पश्चिम में- भूखण्ड सं. ए291, ए292, ए293

उत्तर में- भूखण्ड संख्या ए299 — दक्षिण में- भूखण्ड सं. ए302

अतः उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

# अजमेर के ट्रांसपोर्ट सिस्टम में नए अध्याय की शुरूआत, मिलेगी 100 ई-बसों की सौगात

- विधानसभा अध्यक्ष ने लिया डिपो निर्माण का जायज़ा, 15 करोड़ की लागत आएगी

**अजमेर, ( कासं )।** अजमेर शहर सहित जिले में विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप प्रदूषण रहित ट्रांसपोर्ट सिस्टम के नए अध्याय की शुरूआत हो चुकी है। राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप अजमेर शहर व जिले के लिए 100 नई ई-बसे शुरू की जाएगी। इसके लिए नौसर घाटी में ई-बस डिपो करीब 15 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह ई-बसे अजमेर शहर सहित विभिन्न रूटों पर यात्रियों को प्रदूषण रहित सस्ती आवागमन सुविधा उपलब्ध कराएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के अंतर्गत नौसर घाटी स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर प्रस्तावित बस डिपो निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण प्रगति, गुणवत्ता और समय सीमा का गंभीरता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्यों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने डिपो के लिए स्वीकृत कार्यों में शामिल बहु मंज़िला प्रशासनिक ब्लॉक, स्टोर ब्लॉक, मेंटेनेंस ब्लॉक, वॉशिंग बे सहित जीएसएस, ओएचएसआर, ईटीपी, पार्किंग एवं 100 बसों के लिए चार्जिंग सुविधा के विकास की प्रगति की जानकारी ली। जीएसएस से जुड़े ट्रांसफॉर्मर, केबल और अन्य सामग्री की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन की प्रक्रिया भी जारी है।

देवनानी ने निगम अभियंताओं को सिविल वर्क, इलेक्ट्रिकल पैनल निर्माण तथा 33 केवी एवं 11 केवी प्रसारण लाइन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण एजेंसी से पर्याप्त कार्मिक एवं संसाधन लगाने को कहा। इससे मार्च माह तक बस संचालन की सभी तैयारियाँ पूर्ण की जा सकेंगी। उन्होंने बसों की आपूर्ति समय-सीमा सुनिश्चित करने के लिए बस निर्माण कंपनियों से समन्वय बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

देवनानी ने कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप अजमेर को 100 इलेक्ट्रिक बसों की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इसके लिए नौसर स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर लगभग 12 से 20 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक बस डिपो का निर्माण किया जा रहा है। यहाँ पार्किंग, स्टोर, प्रशासनिक भवन सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ई-बस सेवा शुरू होने से बांदरसिंदरी से नसीराबाद तक के क्षेत्रों सहित शहर का बड़ा हिस्सा लाभान्वित होगा और स्थानीय आवागमन अत्यंत सुगम हो जाएगा। वर्तमान में रोडवेज मुख्यतः लंबी दूरी की यात्राओं के लिए उपयोग होती है। वहीं ई-बस सेवा शहर के भीतर यात्रा को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/5047 | आम सूचना | दिनांक:18-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 304/6 का भूखण्ड संख्या 08 का क्षेत्रफल 83.33 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय/साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुन्दर देवी पत्नी नोरतमल चौधरी निवासी बलाईयों का मौहल्ला ग्राम कटसुरा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर | मदनगंज खसरा 304/6 83.33 वर्गगजवर्गगज | आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु |

## नशा मुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण

**भीलवाड़ा( निसं )।** शहर के कोटा रोड़ अंहिसा सर्किल पर स्थित नई दिशाए सेवा संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र एवं चिकित्सालय का अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रणजीत सिंह के नेतृत्व मे अधिकारियो के एक दल ने आकस्मिक निरीक्षण कर भर्ती मरीजो से मिलकर उनसे स्वास्थ्य संबंधी एवं चिकित्सालय केन्द्र द्वारा दी जा रही सुविधाओ की जानकारी ली। इस दौरान बाल अधिकारिता विभाग पालड़ी के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नूतन कुमार शर्मा, नशा मुक्ति केन्द्र के निदेशक नरेन्द्र सोनी, सुश्री मनिषा खटीक, जयप्रकाश मालू, आशीष तिवारी, सुमित खंडेलवाल, राहुल अमोरिया सहित कई उपस्थित थे।

# नसीराबाद स्थापना दिवस पर शहर को मिले विकास के नए तोहफे

**नसीराबाद, ( निसं )।** गुरुवार का दिन नसीराबाद के इतिहास में एक और यादगार पन्ना जोड़ गया। स्थापना दिवस के मौके पर छावनी प्रशासन ने सिविल एरिया में पूरे हुए अनेक विकास कार्यों को शहरवासियों को समर्पित किया। उद्यान, सड़क, स्मारक और जागरूकता कार्यक्रमों ने शहर में उत्सव का माहौल बना दिया।

फुलागंज क्षेत्र में विकास की बहार उद्यान और सड़क का लोकार्पण: स्थापना दिवस का आगाज़ फुलागंज इलाके से हुआ, जहां उद्यान और उसके आसपास की सड़क के नवीनीकरण कार्य पूरे हो चुके हैं। इन कार्यों का उद्घाटन छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर हरीश कुमार ने किया। साथ में सीईओ नितीश गुप्ता, मनोनीत सदस्य सुशील गदिया और मंडल अध्यक्ष संजय यादव मौजूद रहे।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह उद्यान लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, लेकिन अब करीब 24 लाख रुपए की लागत से इसके पुनर्निर्माण ने इलाके को नई पहचान दे दी है। फ्रामजी चौक पर मुख्य समारोह : शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि: दूसरा प्रमुख कार्यक्रम फ्रामजी चौक स्थित शहीद स्मारक पर हुआ, जहां नसीराबाद स्थापना दिवस का औपचारिक आयोजन रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामस्वरूप लांबा रहे मंच पर ब्रिगेडियर हरीश कुमार, सीईओ नितीश गुप्ता, एसडीएम देवलाल यादव, डीएसपी कृष्ण कुमार यादव और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने 1857 की ऐतिहासिक क्रांति में बलिदान देने वाले शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। शहरवासियों को 208वें स्थापना दिवस पर बधाइयां देते हुए मिठाई भी वितरित की गई। शहर की सड़कों का मेकओवर 76 लाख की योजना शुरू: स्थापना दिवस पर शहर के विभिन्न मार्गों की मरम्मत और रि-कारपेंटिंग के कार्यों का शुभारंभ किया गया।

### कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/SDRC/2025/2246 | आम सूचना | दिनांक: 20-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा सं. 913/2 पर स्थित आवासीय (भूखंड सं. 27 क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज एवं भूखंड संख्या 28 क्षेत्रफल 183.33 में से विखंडित भूखंड क्षेत्रफल 61.11 इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 244.44 वर्गगज) पर श्री भागचन्द शर्मा पुत्र श्री अम्बालाल शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन, एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखंड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- भूखण्ड संख्या 52 व 53 — पश्चिम में- 30 फीट चौड़ा रास्ता

उत्तर में- भूखण्ड संख्या 26 — दक्षिण में- भूखण्ड सं. 29

अतः उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

# वासुदेव देवनानी ने 4.5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**अजमेर, ( निसं )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को बैंक कॉलोनी वाले पुलिस लाइन चौराहा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। उन्होंने राम भवन से कलेक्टर निवास होकर पुलिस लाइन चौराहा तक 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क तथा पीडब्ल्यूडी ऑफिस से नवीन जिला न्यायालय भवन तक 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। दोनों सड़कें सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सुगम होगी।

इसी क्रम में देवनानी ने रियान स्कूल के पास महाराणा प्रताप नगर स्थित क्षितग्रस्त नालों के पुनर्निर्माण कार्य की शुरुआत की। यह कार्य 3 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा करवाया जाएगा। नालों के निर्माण से जलभराव की समस्या दूर होगी और स्थानीय निवासियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आधारभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

देवनानी ने कहा कि महाराणा प्रताप नगर सहित पूरे शहर में आधारभूत विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। सड़कों, नालों, पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य सेवाओं से जुडे करोड़ों रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर नाले निर्मित किए जा रहे हैं तथा कई सड़क परियोजनाएं भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए तीन बड़े रिजर्वायरों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे शहरवासियों को नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए हाथी भाटा में 132 केवी जीएसएस का निर्माण किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कोटड़ा क्षेत्र में 50 बेड का सैटेलाइट चिकित्सालय शुरू किया गया है, जबकि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में आपातकालीन सेवाओं को मजबूती देने के लिए स्पीकर हेल्प डेस्क लगातार सहयोग दे रही है।

पर्यटन विकास के तहत उन्होंने बताया कि प्रस्तावित लेपर्ड सफारी अजमेर को एक नया पर्यावरणीय पर्यटन स्थल प्रदान करेगी। साथ ही वरुण सागर झील के सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है, जिसमें चेटीचंद से पूर्व वरुण देव की मूर्ति स्थापित की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए बहुमंजिला लाइब्रेरी और शहर में प्रवेश के लिए नए प्रवेश द्वार का निर्माण भी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने पर अजमेर का व्यापक कायाकल्प होगा और शहर अधिक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक रूप में विकसित होगा।

### क्षेत्रीय कार्यालय
### राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षैत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिमं/क्षेका किश/पीयूबी-448/ | दिनांक : 19-11-2025

**पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स राणा एक्सपोर्ट खनन पट्टा संख्या 26/2021 ग्राम लसाड़िया द्वारा ग्रेनाईट खनिज क्लस्टर खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | प्रोजेक्ट का नाम | खनन पट्टा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टेयर में | ग्राम | खनिज का नाम | उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स राणा एक्सपोर्ट खसरा संख्या 1071/1673 एवं 1881/1074 | 26/2021 | 2.3158 | लसाडिया | ग्रेनाइट | 221287 |
| 2 | मैसर्स मंगल श्री एक्सपो | 130/2021 | 1.3539 | लसाडिया | ग्रेनाइट | 124437.5 |
| 3 | श्री राहुल कुमार डोकानिया पुत्र श्री रमेश डोकानिया | 43/2022 | 3.0266 | लसाडिया | ग्रेनाइट | 342065 |
| 4 | मैसर्स सवरोस्की ग्रेनाइट्स | 46/2022 | 1.7818 | लसाडिया | ग्रेनाइट | 167261 |
| 5 | मैसर्स ध्रुव ग्रेनाईट्स | 23/2021 | 1.0058 | लसाडिया | ग्रेनाइट | 93848 |
| 6 | मैसर्स कृष्णा ग्रेनाइट्स | 44/2021 | 3.3459 | लसाडिया | ग्रेनाइट | 435716 |

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 12.8298 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-13,84,614.5 टीपीए (आर.ओ.एम.), ग्राम लसाड़िया, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि मैसर्स राणा एक्सपोर्ट खनन पट्टा संख्या 26/2021 ग्राम लसाड़िया ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।
3. उक्त समूह खनन परियोजनासे सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-
   1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर।
   5. तहसील कार्यालय-केकड़ी, जिला-अजमेर।
   6. आई. टी. सेन्टर, लसाड़िया, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर के पत्र क्रमांक कअ/सामान्य /2025/राजकाज रेफरेंस संख्या 18755654 दिनांक 11.11.2025 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 22/12/2025 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान-आई. टी. सेन्टर, लसाड़िया, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर में उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप / सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(निधि खण्डेलवाल)
वरिष्ठ पर्यावरणीय अभियंता
एवं क्षेत्रीय अधिकारी

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/498 | आपत्ति सूचना | दिनांक-19/11/25

श्री प्रवीण कुमार जैन पुत्र नेमीचन्द जैन निवासी 7-ए रतनकुंज बैंक कॉलोनी गली नं. 02 नाका मदार अजमेर एवं मनोज कुमार जैन पुत्र हजारीलाल जैन निवासी आदर्श नगर कॉलोनी रकाबगंज, आगरा यूपी द्वारा एक सम्पति सख्या ई जो ए.एम.सी. नं. 12/197 का उत्तरी भाग है जिसका नया ए. एम.सी. नं. 11/197 17/247 02/427 जो आराजी खसरा संख्या 2977 में स्थित है जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 56.85 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- भूखण्ड संख्या डी — पश्चिम- 5 फुट चौड़ी गली

उत्तर- 18 फुट चौड़ा रोड — दक्षिण- गोरधन जी की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/497 | आपत्ति सूचना | दिनांक-19/11/25

श्री प्रवीण कुमार जैन पुत्र नेमीचन्द जैन निवासी 7-ए रतनकुंज बैंक कॉलोनी गली नं. 02 नाका मदार अजमेर एवं मनोज कुमार जैन पुत्र हजारीलाल जैन निवासी आदर्श नगर कॉलोनी रकाबगंज आगरा यूपी द्वारा एक सम्पति संख्या डी जो ए.एम.सी. नं. 12/197 का उत्तरी भाग है जिसका नया ए. एम.सी. नं 11/197 17/247 02/427 जो आराजी खसरा संख्या 2977 में स्थित है जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 63.55 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- भूखण्ड संख्या सी — पश्चिम- भूखण्ड संख्या ई

उत्तर- 18 फुट चौड़ा रोड — दक्षिण- गोरधन जी की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जावेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/495 | आपत्ति सूचना | दिनांक-19/11/25

श्री प्रवीण कुमार जैन पुत्र नेमीचन्द जैन निवासी 7-ए रतनकुंज बैंक कॉलोनी गली नं. 02 नाका मदार अजमेर एवं मनोज कुमार जैन पुत्र हजारीलाल जैन निवासी आदर्श नगर कॉलोनी रकाबगंज, आगरा यू.पी. द्वारा एक सम्पति संख्या बी जो ए.एम.सी. नं. 12/197 का उत्तरी भाग है जिसका नया ए. एम.सी. नं. 11/197 17/247 02/427 जो आराजी खसरा संख्या 2977 में स्थित है जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 65.33 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- 20 फुट चौड़ा रोड — पश्चिम- भूखण्ड संख्या सी

उत्तर- 18 फुट चौड़ा रोड — दक्षिण- भूखण्ड संख्या ए

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/494 | आपत्ति सूचना | दिनांक-19/11/25

श्री प्रवीण कुमार जैन पुत्र नेमीचन्द जैन निवासी 7-ए रतनकुंज बैंक कॉलोनी गली नं. 02 नाका मदार अजमेर एवं मनोज कुमार जैन पुत्र हजारीलाल जैन निवासी आदर्श नगर कॉलोनी रकाबगंज, आगरा यू.पी. द्वारा एक सम्पति संख्या ए जो ए.एम.सी. नं. 12/197 का उत्तरी भाग है जिसका नया ए. एम.सी. नं. 11/197 17/247 02/427 जो आराजी खसरा संख्या 2977 में स्थित है जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 41.80 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- 20 फुट चौड़ा रोड — पश्चिम- भूखण्ड संख्या डी

उत्तर- भूखण्ड संख्या बी, सी — दक्षिण- गोरधन जी की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/496 | आपत्ति सूचना | दिनांक-19/11/25

श्री प्रवीण कुमार जैन पुत्र नेमीचन्द जैन निवासी 7-ए रतनकुंज बैंक कॉलोनी गली नं. 02 नाका मदार अजमेर एवं मनोज कुमार जैन पुत्र हजारीलाल जैन निवासी आदर्श नगर कॉलोनी रकाबगंज, आगरा यू.पी. द्वारा एक सम्पति संख्या सी जो ए.एम.सी. नं. 12/197 का उत्तरी भाग है जिसका नया ए.एम.सी. नं. 11/197 17/247 02/427 जो आराजी खसरा संख्या 2977 में स्थित है जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 56.03 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- भूखण्ड संख्या बी — पश्चिम- भूखण्ड संख्या डी

उत्तर-18 फुट चौड़ा रोड — दक्षिण- भूखण्ड संख्या ए

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर